**SET-4**

**Series ЄABAЄ**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **63**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **12** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# मनोविज्ञान

# PSYCHOLOGY

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 35*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 35*



ZOLLEGE.in

***सामान्य निर्देश :***

*कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग** और **घ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **3** तक **तीन** प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **4** से **6** तक **तीन** प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए **3** अंक निर्धारित हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **7** से **10** तक **चार** प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** में एक व्यक्ति अध्ययन है । इस व्यक्ति अध्ययन पर आधारित **2** प्रश्न हैं, प्रश्न संख्या **11** और **12** । प्रत्येक प्रश्न के लिए **2** अंक निर्धारित हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए । दोनों प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** (क) कुशल-क्षेम या कल्याण क्या है ? *2*

**अथवा**

(ख) मनोग्रस्ति और बाध्यता में अंतर स्पष्ट कीजिए । *2*

**2.** जटिलता और केंद्रिकता के संबंध में अभिवृत्ति की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *2*

**3.** स्वत: साधक भविष्योक्ति पूर्वाग्रहों को प्रबल करने में कैसे मदद करती है ? अपने उत्तर के समर्थन में एक उदाहरण दीजिए । *2*



ZOLLEGE.in

***General Instructions :***

*Please read the instructions carefully.*

*(i)* *There are **12** questions in this question paper.*

*(ii)* *This question paper is divided into **four** sections – **Section A, B, C** and **D**.*

*(iii)* ***Section A** has **three** questions, from Question Nos. **1** to **3**, carrying **2** marks each. Answer to these questions should not exceed **40** words.*

*(iv)* ***Section B** has **three** questions, from Question Nos. **4** to **6**, carrying **3** marks each. Answer to these questions should not exceed **80** words.*

*(v)* ***Section C** has **four** questions, from Question Nos. **7** to **10**, carrying **4** marks each. Answer to these questions should not exceed **120** words.*

*(vi)* ***Section D** has one case study. There are **2** questions based on this case study, Question Nos. **11** and **12**. Each question carries **2** marks. Answer to these questions should not exceed **40** words. Answer both questions.*

## SECTION A

**1.** (a) What is well-being ? *2*

**OR**

(b) Differentiate between obsession and compulsion. *2*

**2.** Explain the characteristics of an attitude in terms of complexity and centrality. *2*

**3.** How does self-fulfilling prophecy help in strengthening prejudices ? Give an example to support your answer. *2*



ZOLLEGE.in

## खण्ड ख

**4.** (क) इमरान 40 वर्ष का एक पुरुष है, जो साँस लेने में कठिनाई और शरीर-संबंधी अन्य लक्षणों की शिकायत करता है । जाँच करने पर डॉक्टरों को उसके द्वारा बताए गए लक्षणों के लिए कोई चिकित्सीय स्पष्टीकरण नहीं मिला । इस विकार की व्याख्या कीजिए और इसके विभिन्न प्रकारों पर चर्चा कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) ऋचा एक संगठन में अधिकारी के रूप में कार्यरत एक युवा लड़की है । एक दिन वह अचानक शहर से गायब हो गई और दो साल बाद वह एक नदी के तट पर मिली । वहाँ कोई नहीं जानता था कि वह कौन थी और कहाँ से आई थी । लेकिन, एक दिन वह अचानक 'होश' में आई और उसने जानना चाहा कि वह नदी के तट पर कैसे पहुँची । इस विकार की व्याख्या कीजिए और इस श्रेणी के अन्य विकारों की सूची बनाइए । *3*

**5.** श्याम का विश्वास है कि उसे हर एक का प्यार हर समय मिलना चाहिए । उसके अधिकांश विश्वासों में 'अनिवार्य' अथवा 'चाहिए' घटक होता है । जब चीज़ें उसके अनुसार नहीं होतीं, तो वह व्यथित महसूस करता है । एक उपयुक्त चिकित्सा का सुझाव दीजिए जो श्याम को उसके अविवेकी विश्वास तंत्र के विषय में गहराई से सोचने पर मजबूर करे और उसे बेहतर महसूस करने में मदद करे । *3*

**6.** जब मैरी ने एक नए महाविद्यालय में प्रवेश लिया तो उसने खुद को बहुत अकेला महसूस किया । लेकिन, शीघ्र ही उसे अच्छा लगने लगा क्योंकि उसने मित्र बना लिए और एक 'हॉबी समूह' की सदस्य भी बन गई । इस उदाहरण की सहायता से, उन दशाओं की चर्चा कीजिए जिनके कारण समूह का निर्माण होता है । *3*

## खण्ड ग

**7.** (क) आत्महत्या से जुड़े जोख़िम कारकों पर चर्चा कीजिए । वे कौन-से लक्षण हैं, जो व्यथा में रहने वाले विद्यार्थियों की पहचान करने में मदद करते हैं ? छात्रों में सकारात्मक आत्म-सम्मान को बढ़ावा देने के कुछ तरीकों की जाँच कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) तंत्रिकाजन्य विकारों की क्या विशेषताएँ हैं ? किन्हीं तीन तंत्रिकाजन्य विकारों का वर्णन कीजिए । *4*



ZOLLEGE.in

## SECTION B

**4.** (a) Imran is a forty-year-old male who complains of difficulty in breathing and other body-related symptoms. On being examined, the doctors were unable to find any medical explanation for his reported symptoms. Explain this disorder and discuss its various types. *3*

**OR**

(b) Richa is a young girl working as an officer in an organisation. One day she just disappeared from the city and after two years she was found on the banks of a river. Nobody there knew who she was and where she had come from. But, one day she suddenly 'woke up' and wanted to know how she had reached the banks of the river. Explain this disorder and list the other disorders in the same category. *3*

**5.** Shyam believes that he should be loved by everybody, all the time. Most of his beliefs have a 'must' or 'should' component. When things don't go his way, he feels distressed. Suggest a suitable therapy that will make Shyam think deeper into his irrational belief system and help him to feel better. *3*

**6.** Mary found herself very lonely when she joined a new college, but soon felt at ease when she made friends and became a member of a 'hobby group' too. With the help of this example, discuss the conditions that lead to group formation. *3*

## SECTION C

**7.** (a) Discuss the risk factors associated with suicides. What are the symptoms that help in identifying students in distress ? Examine some ways to foster positive self-esteem in students. *4*

**OR**

(b) What are the characteristics of neurodevelopmental disorders ? Describe any three neurodevelopmental disorders. *4*



ZOLLEGE.in

**8.** (क) मानसिक रोगियों के पुन:स्थापन की प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) दोषपूर्ण व्यवहार को दूर करने के लिए व्यवहार चिकित्सा में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों की चर्चा कीजिए । *4*

**9.** अकसर हम देखते हैं कि लोग दूसरों की सहायता करते हुए या ज़रूरतमंदों को दान देते समय भी अपनी तस्वीरें खींचते/खिंचवाते हैं । क्या हम इन लोगों के व्यवहार से उनकी अभिवृत्ति की पहचान कर सकते हैं ? अभिवृत्ति और व्यवहार में संगति कब होगी ? स्पष्ट कीजिए । *4*

**10.** एक शिक्षक 'X' ने यह पाया कि उसके द्वारा छात्रों के एक समूह को दिए गए परियोजना कार्य की गुणवत्ता व्यक्तिगत छात्रों द्वारा दिए गए परियोजना कार्य से कम थी । इस घटना का क्या कारण है और इसे कैसे कम किया जा सकता है ? चर्चा कीजिए । *4*

**खण्ड घ**

निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4*

सुंदर महाविद्यालय जाने वाला एक बीस-वर्षीय युवक है, जो अपने गृह नगर से एक बड़े शहर में रहने आया है । उसे निरंतर असुरक्षा का भय बना रहता है और लगता है कि दुश्मन सैनिक उसका पीछा कर रहे हैं । जब वह किसी को वर्दी में देखता है, तो तनाव में आ जाता है और उसे लगता है कि वे उसे पकड़ने आ रहे हैं । यह तीव्र दुश्चिंता उसके कार्य और संबंधों में हस्तक्षेप कर रही है और उसके दोस्त इन सबका मतलब न समझ पाने के कारण बेहद चिंतित हैं । सुंदर कभी-कभी अचानक और अनुचित तरीके से हँसने लगता है और कभी वाक्य को बीच में ही बोलना छोड़ देता है और दूर कहीं घूरने लगता है जैसे उसे कुछ सुनाई या दिखाई दे रहा हो । वह कमरे में रखे टेलीविज़न और रेडियो को लेकर चिंता व्यक्त करता है कि इनकी संभावित रूप से शत्रु द्वारा निगरानी की जा रही है । उसके विश्वास स्थिर हैं और यदि उन्हें चुनौती दी जाती है, तो उसका स्वर/लहज़ा शत्रुतापूर्ण हो जाता है ।

**11.** प्रदर्शित लक्षणों के आधार पर विकार की पहचान कीजिए । इस विकार में दिखाई देने वाले अन्य लक्षणों की व्याख्या कीजिए । *2*

**12.** भ्रमासक्ति और अनुपयुक्त भाव को परिभाषित कीजिए । उपर्युक्त व्यक्ति अध्ययन में दिए गए लक्षणों से इसकी पुष्टि कीजिए । *2*



ZOLLEGE.in

**8.** (a) Describe the process of rehabilitation of the mentally ill in detail. *4*

**OR**

(b) Discuss the various techniques used in behaviour therapy to eliminate faulty behaviours. *4*

**9.** Quite often we see people getting themselves photographed while helping others or even when they are offering donations to the needy. Can we identify the attitudes of these people through their behaviour ? When would there be consistency between attitude and behaviour ? Explain. *4*

**10.** A teacher 'X' found that the project that she/he gave to a group of students, when submitted to her/him, lacked quality as compared to the ones submitted by individual students. What is the reason for this phenomenon and how can it be reduced ? Discuss. *4*

## SECTION D

Read the following case study and answer the questions that follow : *4*

Sundar, a college going 20-year-old male, has moved from his home town to live in a big city. He has continuous fear of insecurity and feels that the enemy soldiers are following him. He gets very tense when he spots anyone in a uniform and feels that they are coming to catch him. This intense anxiety is interfering with his work and relationship, and his friends are extremely concerned as it does not make any sense to them. Sundar occasionally laughs abruptly and inappropriately, and sometimes stops speaking mid-sentence, scanning off in the distance as though he sees or hears something. He expresses concern about television and radio in the room potentially being monitored by the enemies. His beliefs are fixed and if they are challenged, his tone becomes hostile.

**11.** Based on the symptoms being exhibited, identify the disorder. Explain the other symptoms that can be seen in this disorder. *2*

**12.** Define delusion and inappropriate affect. Support it with the symptoms given in the above case study. *2*



ZOLLEGE.in